हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 मार्च 2024

13 विश्व जल दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला व प्रतियोगिता

14 शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव करवाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी: डीसी


नारनौल शहर में पहली बार
विश्वस्तरीय व आधुनिक तकनीक से लैश
गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी विभाग
आँत, पेट, लीवर व पैनक्रियाज से सम्बंधित बिमारीयाँ
एण्डोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी एवं ERCP की सुविधा

डॉ. अशोक कुमार
MBBS, MD Medicine (GMCH, Chandigarh)
DM Gastroenterology (DMCH, Ludhiana)
Ex. Const. Saroj Super Speciality Hospital, Delhi
Ex. Const. Jaipur Golden Hospital, Delhi
Ex. Sr. Const. Ujala Sygnus : Sonia Hospital, Delhi
रेवाड़ी, जयपुर एवं दिल्ली की सभी सुविधाएं नारनौल में पहली बार
27 मार्च 2024 से नियमित ओपीडी सेवाएं
24 घण्टे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रेनबो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सैन्टर
सिंघाना रोड, महावीर चौक, नारनौल (हरि.)
Ph. 01282-298621, 9991116314

## खबर संक्षेप

### बाबा गोविंददास मेला हमीदपुर में 25 मार्च को

**नांगल चौधरी।** हमीदपुर में 25 मार्च को बाबा गोविंददास महाराज की स्मृति में मेला आयोजन होगा। भजनोपदेश के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। जिसमें विभिन्न गांवों के ग्रामीण सामूहिक रूप से पुष्प होली खेलेंगे। पुजारी मूलचंद कौशिक ने ने यह जानकारी दी।

### डिगरोता में मेला व कुश्ती दंगल 25 को

**सतनाली मंडी।** गांव डिगरोता में सोमवार को धुलंडी के दिन बाबा भैरव व बालाजी मेला व ईनामी कुश्ती दंगल होगा। बाबा भैरव सेवा समिति प्रधान प्यारेलाल शर्मा ने बताया कि मेले में विजेताओं को 21 हजार तक ईनाम दिए जाएंगे।

### आज मनाई जाएगी सांस्कृतिक होली

**नारनौल।** दक्षिणी हरियाणा सांस्कृतिक मंच की ओर से 24वां होली महोत्सव का आयोजन 23 मार्च को किया जाएगा। प्रधान मास्टर संतलाल ने बताया कि पुरुष व महिला कलाकार छद धमाल, डफ धमाल, मंजीरे व वाद्य यंत्रों से पारंपरिक गीत संगीत, गायन, नृत्य, नाटक प्रस्तुत करेंगे।

### महेंद्रगढ़ मंडी में फसल खरीद का शेड्यूल जारी

# मंडी में अभी भी तैयारी अधूरी

- 86 साल बाद अनाजमंडी में नहीं है टीनशेड, अनाजमंडी में नहीं है टीनशेड, बारिश के कारण प्रत्येक वर्ष होती है किसानों की फसल खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्रदेश सरकार की ओर रबी की फसल की खरीद शेड्यूल जारी कर दिया गया है, लेकिन मार्केट की ओर से अभी अनाजमंडी में खरीद हो लेकर कोई व्यवस्था नहीं की गई हैं। अनाजमंडी में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। वहीं अनाजमंडी में पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था नहीं हैं। ऐसे में अनाजमंडी में अपनी फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता हैं, लेकिन प्रशासन फसल खरीद को लेकर गंभीर नहीं आ रहा हैं। मंडी में बार-बार कहने के बावजूद भी मार्केट कमेटी की ओर से नियमित रूप से सफाई नहीं कराई जा रही है। जगह-जगड़ पड़े मलबे के ढेरों से फड़ों पर जगह का अभाव बना हुआ है। प्रदेश की प्रत्येक सरकारी मंडी में सरकारी धर्मकांटा है, लेकिन केवल प्रदेश के सबसे पुराने जिलो में से एक महेंद्रगढ़ की अनाजमंडी में सरकारी धर्मकांटा नहीं है। हाल ही में मंडी के बीच के सड़क तो बना दिए गए, लेकिन पानी निकासी के लिए कोई व्यवस्था तक नहीं की। अब बारिश के दिनों में व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जब निर्माण चल रहा था तो मांग भी की थी कि पानी निकासी की व्यवस्था की जाए, लेकिन महज नालियां बना दी, जो गंदगी से अंटी पड़ी रहती हैं।





**महेंद्रगढ़।** पीने के पानी की टंकी के नीचे फैली गंदगी, बिना टीन शैड की अनाज मंडी व अनाज मंडी में फैली गंदगी।

### 86 साल बाद भी अनाजमंडी में नही लग पाया टीनशेड

वर्ष 1938 में पटियाला रियासत के समय बनी महेंद्रगढ़ की अनाज मंडी में जिम्मेदार 86 साल बाद भी टीनशैड नहीं लगा पाए हैं। करीब आठ एकड़ में फैली यह इस मंडी में अव्यवस्थाओं का आलम है। 180 गुणा 360 फुट की कॉमन फड़ पर किसानों की उपज को बारिश से बचाने के लिए टीनशैड तक नहीं हैं। हर साल सीजन के समय बारिश होने पर किसानों की खुले में पड़ी उपज पर भीगने का खतरा मंडराता है। हालांकि कई बार ऐसा हो चुका है कि बारिश के कारण बड़े स्तर पर उपज भीगकर खराब होने का संकट बना है। वहीं जमीन से सटाकर पोलों पर लगाए गए मीटर बॉक्सों से मंडी में कभी भी हादसे हो सकते हैं। मंडी के दोनों ओर जिम्मेदारों की ओर से गेट लगाने के लिए कॉलम तो बना दिए, लेकिन चार माह से गेट तक नहीं चढ़ा पाए हैं। जगह-जगह लगे गंदगी एवं मलबे के ढेरों से मंडी में जगह का अभाव बना हुआ है।

### छह माह में सड़क से निकलने लगी हैं रोड़िया

करीब छह माह पूर्व सीसी बेस पर मंडी के बीच में बनी सड़कों से रोड़ियां उखड़ने लगी हैं। इसकी जांच की मांग की गई थी जिसके बाद पंचकुला से इंजीनियरों की टीम ने सैंपल लिए थे। वहीं प्रदेश की अधिकांश मंडियों में किसान भवन हैं। लेकिन यहां किसानों के लिए सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है। मंडी की बाहरी सड़कें बदहाल हैं। लटकती तारें हादसों को निमंत्रण दे रही हैं। एक सुलभ शौचालय है उसकी भी नियमित रूप से सफाई नहीं होती।

### समय रहते पूरी होंगी व्यवस्था

मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र यादव का कहना है कि समय रहते मंडी में साफ-सफाई एवं बिजली, पानी की व्यवस्था करा दी जाएगी। जल्द ही फड़ों पर जिन व्यापारियों का सामान पड़ा है उन्हें सामान हटाने के लिए नोटिस दिया जाएगा। इसके अलावा मंडी गेटों के लिए काम चल रहा है जल्द ही पूरा किया जाएगा। अनाजमंडी में टीनशेड लगाने का प्रस्ताव बनाकर भेजा हुआ है।

# सरकारी स्कूलों में बनेंगे हर्बल गार्डन

- पौधों की 10-15 प्रजातियों के लिए कुल 500 वर्ग मीटर, अलग प्लाट हो तो आवेदन कर सकते हैं स्कूल, 15 हजार तक की मिलेगी आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अच्छी खबर है। सरकारी स्कूलों में हर्बल गार्डन स्थापित किए जाएंगे। इसमें आयुष विभाग सहयोग करेगा। ऐसे स्कूल जहां वृक्ष प्रजातियों सहित औषधीय पौधों की 10-15 प्रजातियों के लिए कुल 500 वर्ग मीटर के यदि अलग-अलग प्लॉट हैं तो वे स्कूल आवेदन कर सकते है। मंजूरी मिलने पर 500 वर्ग मीटर क्षेत्र के लिए प्रति स्कूल 25 हजार रुपये की दर से वित्तीय सहायता दी जाएगी। योजना कामयाब करने के लिए प्रत्येक जिला में एक ईसीओ क्लब कॉर्डिनेटर को दायित्व सौंपा जाएगा।

माध्यमिक शिक्षा हरियाणा के सहायक निदेशक (शैक्षणिक) की ओर से प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों को पत्र भेजा है। इसमें आयुष विभाग की ओर से भेजे गए पत्र का भी हवाला देते हुए बताया है कि रोग की रोकथाम व स्वास्थ्य संवर्धन में औषधीन पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह पौधे मानव रोगों को ठीक करने के लिए उपयोगी होते हैं। इन पौधों में उपस्थित फाइटो रसायनिक घटकों द्वारा उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। औषधीय पौधों के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने 24 नवंबर 2020 को राष्ट्रीय औषधीय पौधे बोर्ड (एनएमपीबी) की स्थापना की है। यह बोर्ड वर्तमान में आयुष मंत्रालय (आयुर्वे, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और चिकित्सा) के एक अनुभाग के रूप में काम कर रहा है।

### आवेदन करने बारे नियम

- ▶▶ स्कूल में वृक्ष प्रजातियों सहित औषधीय पौधों की 10-15 प्रजातियों के लिए कुल 500 वर्ग मीटर के यदि अलग-अलग प्लॉट हैं तो वे स्कूल आवेदन कर सकते है।
- ▶▶ स्कूल, सिंचाई सहित हर्बल गार्डन के रखरखाव के लिए जिम्मेदार होंगे परंतु विद्यार्थी और अभिभावक-शिक्षक संघ/एनजीओ इत्यादि सक्रिय भागीदारी के साथ स्कूल की छुट्टियों की अवधि के दौरान विशेष व्यवस्था करेंगे। विद्यार्थियों को पौधों को लेबल करने, पानी देने, निराई करने आदि में शामिल किया जाएगा। जिससे उनके द्वारा पोषित प्रजातियों के लाभों और उपयोग के बारे में विद्यार्थियों का ज्ञान बढ़ेगा।
- ▶▶ वित्तीय सहायत की बात करें तो 500 वर्ग मीटर क्षेत्र के लिए प्रति स्कूल 25 हजार रुपये की दर से वित्तीय सहायता दी जाएगी। स्थापना के लिए प्रथम वर्ष और अगले चार वर्षों के लिए रखरखाव लागत के रूप में प्रति विद्यालय सात हजार रुपये तक दिए जाएंगे। यदि ऐसे स्कूल हर्बल गार्डन के लिए प्रस्ताव कर रहे है जिनका क्षेत्र 500 वर्ग मीटर से कम है तो दिए गए औचित्य आधार पर सहायता पर विचार किया जा सकता है।
- ▶▶ योग्य स्कूल प्रोफार्मा में एसएमपीबी के माध्यम से एनएमपीबी में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जहां अनुमोदन से पहले प्रस्ताव की प्रोजेक्ट स्क्रीनिंग कमेटी (पीएससी) द्वारा स्क्रीनिंग की जाएगी। इस कमेटी के अनुमोदन उपरांत प्रस्ताव स्टैंडिंग फाइनेंस कमेटी (एसएफसी) को भेजा जाएगा।

इस संदर्भ में हर्बल गार्डन स्थापित करने के संदर्भ में आयुष विभाग द्वारा शिक्षा विभाग से आवेदन मंगवाएं गए है। जिनके तहत आयुष विभाग की ओर से हर्बल गार्डन स्थापित करने के लिए संबंधित विद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

## सरसों की सरकारी रेट पर खरीद तय होने पर गतिविधियों में आई तेजी, लिफ्टिंग के मांगें टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश सरकार की ओर से सरसों की खरीद प्रक्रिया 26 मार्च से चालू करने के निर्णय उपरांत खरीद शुरू करने की गतिविधियों में भी तेजी आ गई है। खरीद उपरांत सबसे महत्वपूर्ण कार्य सरसों उठान का होता है और लिफ्टिंग कार्य के लिए टेंडर मांग लिए गए हैं और उन्हें एक-दो दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। प्रदेश में सीएम बदलने के कारण सरसों खरीद के निर्णय में देरी हुई। पहले सीएम बदलने एवं फिर मंत्री मंडल गठन में देरी होने के कारण सरसों खरीद के निर्णय में भी देरी होती चली गई और महज पांच दिन पहले यह निर्णय हो पाया।

खरीद एजेंसी हैफेड के जिला प्रबंधक प्रवीण भारद्वाज ने बताया कि इस बार 26 मार्च से सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद चालू की जाएगी, जो एक मई तक चलेगी। उन्होंने बताया कि खरीद से संबंधित कायारें में अब तेजी लाई जा रही है। लिफ्टिंग इसका बड़ा महत्वपूर्ण पार्ट है तथा टेंडर आमंत्रित तक बीड को अंतिम रूप दिया जा रहा है। एक-दो दिन में टेंडर भी फाइनल हो जाएगा। हालांकि 31 मार्च तक उठान पुराने ठेकेदार द्वारा ही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंडियां अलॉट हो चुकी हैं तथा वहां टोकन देने का कार्य मार्केट कमेटी द्वारा किया जाएगा। मार्केट कमेटी ही निर्णय करेगी कि गांवों का एरिया अनुसार शेड्यूल जारी किया जाए या फिर पहले आओ पहले टोकन पाओ के आधार पर खरीद होगी। उन्होंने बताया कि सरसों की खरीद मंडियों में कोआप्रेटिव सोसायटी के माध्यम से हैफेड करेगी। शुरूआत हैफेड करेगी और जब लक्ष्य पूरा हो जाएगा, उसके पश्चात स्टेट गर्वमेंट सरसों खरीदेगी। भारद्वाज ने किसानों से अपील की कि वह सरसों सूखा कर साफ-सुथरी करके लाएं, ताकि उन्हें मंडी में हाथोंहाथ सरसों बेचने में परेशानी न आए।

### पटरी पर बैठा युवक मालगाड़ी की चपेट में आया, पीजीआई में मौत

**नारनौल।** गत 20 मार्च को पटीकरा के समीप मालगाड़ी की चपेट में आए युवक की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी मुताबिक गत 20 मार्च को प्रातः करीब साढ़े 11 बजे पटीकरा के समीप रेल पटरियों पर एक युवक बैठा था। जब वहां से एक मालगाड़ी गुजरी तो वह उसके सामने आ गया और उसकी चपेट में आने से वह बेहद जख्मी हो गया। उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उपरांत उसे हायर सेंटर के लिए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। रोहतक में उपचार के दौरान उक्त युवक ने दम तोड़ दिया। जीआरपी के सब इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त अज्ञात युवक करीब 25 साल का है। उसका सांवल रंग है तथा लंबूतरा चेहरा है। उसकी हाईट 5 फुट 6-7 इंच है, जबकि उसने काली टी-शर्ट एवं हरे रंग का लोवर पहना हुआ है। उन्होंने बताया कि उक्त अज्ञात युवक के दाहिने हाथ पर जितेंद्र गुदा हुआ है। मालगाड़ी के चालक के मुताबिक वह पटरियों पर बैठा था, लेकिन जब मालगाड़ी वहां से गुजर तब वह अचानक आगे आ गया। एसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त अज्ञात युवक का पीजीआई रोहतक में ही पोस्टमार्टम कराया गया है।

### एटीएम मशीन तोड़कर चोरी का प्रयास, केस दर्ज

- मशीन तोड़ने से एक लाख से अधिक का नुकसान

**महेंद्रगढ़।** अनाज मंडी स्थित कोटेक महिंद्रा बैंक के एटीएम केंद्र से अज्ञात चोर ने मशीन को तोड़कर रुपये चोरी करने का प्रयास किया है। बैंक अधिकारियों का मानना है कि अज्ञात चोर ने एटीएम मशीन का एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान किया है। सिटी पुलिस ने बैंक अधिकारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बैंक अधिकारी ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 5 (सी) के तहत एक बैंकिंग कंपनी है, जिसका पंजीकृत कार्यालय 27 बीकेसी, सी-27, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलैक्स बांद्रा (ई), मुंबई में है। कोटक महिंद्रा बैंक की शाखा अनाज मंडी महेंद्रगढ़ में भी है। शिकायतकर्ता बैंक का कहना है कि 16 मार्च को लगभग 12 बजे आरोपित ने एटीएम परिसर में प्रवेश किया और एटीएम मशीन को क्षतिग्रस्त करने और भरी हुई नकदी का दुरुपयोग करने के इरादे से उसे नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया।

### जिले की 6 मंडियों में एमएसपी पर रवि फसलों की खरीद

# सरसों 26 मार्च व गेहूं-चने की 1 से खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रबी सीजन की फसल की खरीद को लेकर उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों की अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने खरीद कायारें से संबंधित आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए। डीसी ने बताया कि इस बार जिले की छह मंडियों में रबी सीजन की सरकारी खरीद की जाएगी। इनमें अटेली, कनीना, महेंद्रगढ़, सतनाली, नारनौल व नांगल चौधरी की अनाज मंडियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाया है तथा जिनकी वेरिफिकेशन सही पाई गई है, उनकी फसल सरकारी रेट पर खरीदी जाएगी।

गेहूं व चना फसल की सरकारी खरीद एक अप्रैल तथा सरसों की सरकारी खरीद 26 मार्च से



शुरू होगी। उन्होंने बताया कि गेहूं के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये रखा गया है, जबकि सरसों के लिए 5650 एमएसपी निश्चित है। इसी प्रकार चना फसल के लिए 5440 रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी मंडियों में पर्याप्त मात्रा में बारदाना रहे। इसके अलावा मंडियों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारी आज ही सभी मंडियों का बारीकी से निरीक्षण करें। किसानों के लिए बिजली-पानी तथा शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए।

डीसी ने बताया कि इस बार जिले में 2.5 लाख एकड़ में सरसों की बिजाई हुई है। जिन किसानों ने मेरी फसल मेरा-ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाया था उन किसानों की फसल सरकारी रेट पर खरीदी जाएगी। पोर्टल पर पंजीकृत किसानों की जमीन की पहले वेरिफिकेशन की जा रही है। अगर वेरिफिकेशन में संबंधित का दावा सही मिलता है तो उस किसान की फसल एमएसपी पर खरीदी जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुबह छह बजे से ही किसानों को टोकन देना शुरू किया जाए। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा, एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, डीएमसी महावीर प्रसाद, एसडीएम कनीना सुरेंद्र सिंह, एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, एसडीएम नांगल चौधरी मयंक भारद्वाज, नगराधीश मंजीत कुमार तथा डीएफएससी कुशलपाल बूरा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।





व्हेल मछली उल्टी दिशा में नहीं तैर सकती।



हाथी अपनी सूंड में पांच लीटर पानी रख सकता है।



# कंप्यूटर टीचर बनने के लिए क्या करें



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर हमारे समय की मांग है, चाहे वह समय आज का हो या आने वाला कल दोनों में ही कंप्यूटर की बहुत बड़ी जरूरत है। अगर आप भी कंप्यूटर टीचर बनने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले आपको यह सोचना होगा कि आपको कंप्यूटर योग्यता के लिए किस टाइप की डिग्री प्राप्त करनी है। यह सब आपको 10वीं करने के तुरंत बाद ही तय करना पड़ेगा ताकि आप सही समय पर सही फैंसला ले सकें। एक अच्छी कंप्यूटर योग्यता हासिल करने के बाद आप स्कूल या कॉलेज में कंप्यूटर टीचर के पद पर नियुक्ति पा सकते हो। और वह कंप्यूटर टीचर की नौकरी प्राइवेट या सरकारी दोनों ही मिल सकती है।

## भारी डिमांड

विभिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर कंप्यूटर के कार्यों पर नौकरी निकलती रहती है अगर आपके पास उच्च कंप्यूटर योगयता है तो आप इन पर समय समय पर अप्लाई कर सकते है। उनकी शर्तों को पूरा करते हुए आप इन पदों पर सलेक्ट भी होते हैं। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर संबंधित कोर्स किया हुआ है तो आपकी सिलेक्शन के चांस बढ़ जाते हैं। इस लेख में आगे हम आप को कुछ कंप्यूटर कोर्सेज की लिस्ट देंगे और यह भी बताएंगे के कंप्यूटर कोर्स कैसे करें। आज का दौर ऑनलाइन का है और आज कल बहुत से कक्षाओं में ऑनलाइन पढाई होती है और वह ऑनलाइन क्लासेज का पूरा मैनेजमेंट कंप्यूटर टीचर के हाथ में ही होता है। स्कूल में कंप्यूटर टीचर की जरुरत तो हर हालत में होती ही है और उच्च शैक्षिक योगयता हासिल करके आप इन पदों के लिए सक्षम हो सकते हैं। आप कंप्यूटर टीचर से संबंधित कुछ कोर्स करने के बाद कंप्यूटर टीचर के पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। कंप्यूटर टीचर कैसे बने इस टर्म को समझने के लिए आप को कंप्यूटर टीचर से जुडी सभी बातों को जानना आवश्यक होता है।

## ये योग्यताएं जरूरी

किसी भी स्कूल या संस्थान में विषय-विशेष की फैकल्टी भर्ती करने के लिए विशेष मानक होते हैं। यदि कोई व्यक्ति कम्प्यूटर टीचर बनना चाहता है तो उसके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं होना जरूरी है। जो इस प्रकार हो सकती हैं।

- स्कूल स्त्तर में कम्प्यूटर टीचर हेतु क्रमश: बीसीए अथवा पीजीडीसीए डिग्री होनी चाहिए या किसी प्रसिद्ध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा हो।
- कॉलेज में स्नातक स्त्तर के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सबजेक्ट पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके पास एमएससी डिग्री होना जरूरी है।



- सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर जिस भी विषय में आप विशेषज्ञ है, उस विषय का फंडामेंटल नॉलेज होना जरूरी है।
- बतौर कम्प्यूटर टीचर आपके पास प्रोग्रामिंग कौशल है तो सोने पे सुहागा साबित होगा।
- विद्यार्थियों तक अपने विचार, जानकारी पहुंचाने का सहज और आकर्षण गुण आपके पास होना चाहिए।
- अपने विषय पर कमांड और उस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी अपडेट होना आवश्यक है।

## कैसे बनें कंप्यूटर टीचर

- कम्प्यूटर विषय से ग्रेजुएशन करने के बाद देश के प्रसिद्ध कॉलेज में पढ़ाने के लिए आपको एग्जाम देने होते हैं। जिसके बाद ही आप कम्प्यूटर टीचर बन पाते हैं। निम्नलिखित क्राइटेरिया को पूरा करके आप कम्प्यूटर टीचर बन सकते हैं।
- अगर, आप किसी कॉलेज में लेक्चरर बनना चाहते हैं तो आपको नेट एग्जाम क्लियर करना पड़ेगा।
- दूसरी ओर किसी स्कूल में कम्प्यूटर टीचिंग करना चाहते हैं तो टीचर इलीजिबिलिटी टेस्ट या फिर कई सारे विद्यालयों द्वारा टीचर्स की भर्ती के लिए बनाए गए मापदंड़ों को पूरा करना पड़ सकता है।
- अगर, आप एक सरकारी कम्प्यूटर टीचर बनना चाहते हैं और किसी गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए पहले आपको यूजीसी अथवा सीएसआईआर-नेट क्वालीफाइड सर्टिफिकेट की परिक्षा उतीर्ण करनी पड़ती हैं।

### नौकरी के कई अवसर

अगर, अभी भी आपके मन में शंका है कि आगे आने वाले समय में कम्प्यूटर का भविष्य क्या होगा। तो बता दें पिछले एक दशक से लगातार भारत देश में कम्प्यूटर शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि, कम्प्यूटर की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसके लाभ को देखते हुए बचपन से ही छात्रों को कम्प्यूटर सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यदि आपको इस फील्ड में अच्छा नॉलेज और अनुभव है तो आप इसमें एक शानदार करियर देख सकते हैं. और कम्प्यूटर टीचर बनने की तैयारी अभी से शुरु कर सकते हैं। हम डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं जहां सारी दुनिया एक-दूसरे से कनेक्टेड है। आज गांव के कोने में बैठा एक व्यक्ति की वीडियो देश-विदेशों में देखी जा रही है। अगर, आपके पास भी कम्प्यूटर टीचिंग का ज्ञान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर सकें तो पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। यूटयूब जैसे अनेक ऐसे प्लैटफॉर्म है, जहां पर आप अपने टीचिंग का हुनर दिखाकर स्कूल या कॉलेज टीचर की भांति ही अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप बतौर कम्प्यूटर टीचर डेटा विश्लेषक का कार्य भी कर सकते हैं। डेटा एनालिटिस्ट वह व्यक्ति होता है जो डेटा को रॉ फॉर्म में प्राप्त कर उसे प्रोसेस कर समझने योग्य सूचना बनाता है।


### आइक्यू लेवल अधिक है तो यह विकल्प है आपके लिए

# फिल्म इंडस्ट्री में रुचि है तो फिल्म डायरेक्टर बन चमकाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## युवाओं की बन रहा पहली पसंद




व्यक्ति अपनी रूचि के आधार पर अपने भविष्य को निर्धारित करने की सोचता रहता है। व्यक्ति अपने रुचि के आधार पर ही भविष्य को बनाए तो अच्छा रहेगा। किसी के दबाव में आकर यदि व्यक्ति अपने भविष्य को बनाने जाए तो अधिकतर लोगों को ऐसी परिस्थिति में और सफलता मिलती है। यदि आपको फिल्मों और फिल्म इंडस्ट्री में रुचि है, तो ऐसे में आपके लिए करियर ऑप्शन के तौर पर एक फिल्म डायरेक्टर बनने का भी ऑप्शन होता है। फिल्म डायरेक्टर कैसे बन सकते हैं? यह सवाल अक्सर लोग पूछते रहते हैं लेकिन यदि आपकी माइंड क्रिएटिविटी अधिक है या आपके माइंड का आइक्यू लेवल अधिक है तो आप फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं। इसके लिए ना तो ज्यादा पढ़ाई की जरूरत है और ना ही किसी अन्य सर्टिफिकेट की जरूरत है। आप अपने टैलेंट के दम पर फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए कई प्रकार के पढ़ाव व्यक्ति को अपने जीवन में पार करने होंगे। आज के इस आर्टिकल में हम आपको फिल्म डायरेक्टर कैसे बन सकते है। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।




## कौन होता है फिल्म डायरेक्टर

किसी भी फिल्म को बनाने में फिल्म डायरेक्टर की मुख्य भूमिका होती है। फिल्म डायरेक्टर हिट फिल्म को बनाने के लिए पूरी कोशिश करता रहता है। फिल्म डायरेक्टर के बिना फिल्म बनाना काफी मुश्किल हो जाता है। फिल्म पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तक फिल्म डायरेक्टर की निगरानी के अंदर बनती है। फिल्म बनाने के सभी कार्य को निर्देशित करने वाला व्यक्ति फिल्म डायरेक्टर ज्ञान निर्देशक चलाता है। आज के समय में फिल्म बनाना काफी एडवांस हो गया है। यहां एक व्यक्ति बहुत सारे किरदार निभा रहा है। कई लोग इस फिल्म में अभिनेता होने के साथ-साथ फिल्म डायरेक्टर का काम भी करते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनना व्यक्ति के लिए एक चुनौती भी है। क्योंकि यहां पहुंचने के लिए काफी मेहनत लगती है। लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए किसी भी प्रकार से पढ़ाई की कोई जरूरत नहीं होती है। व्यक्ति आठवीं दसवीं पास भी फिल्म डायरेक्टर बन सकता है।

## करने पड़ते हैं ये महत्वपूर्ण काम

किसी भी फिल्म बनाने में मुख्य भूमिका फिल्म डायरेक्टर की होती है। फिल्म के सभी एक्टिविटी को फिल्म डायरेक्टर के द्वारा निर्देशित किया जाता है। फिल्म की कहानी से लेकर फिल्म पूरी होने तक की संपूर्ण जिम्मेदारी फिल्म डायरेक्टर की होती है। फिल्म डायरेक्टर जो फिल्म के सभी किरदार के रोल को प्ले करवाता है। कैमरा की शूटिंग करवाता है, फिल्म की जगह का चयन करता है। उस फिल्म किस कहानी पर बनानी है इसका निर्धारण करता है। फिल्म की शूटिंग किस टाइप से करनी है। इसका निर्धारण करता है। इसके अलावा भी फिल्म डायरेक्टर के कई कार्य होते हैं। फिल्म डायरेक्टर का सबसे पहला काम फिल्म की कहानी का चयन करना होता है। फिल्म की कहानी का चयन करने के पश्चात फिल्म डायरेक्टर को फिल्म के शूटिंग की बेहतरीन जगहों का चयन करना होगा। फिल्म की शूटिंग के लिए बेहतरीन जगह का चयन करने के पश्चात फिल्म डायरेक्टर को किरदार पर कौन से अभिनेता व अभिनेत्री को काम देना है इनका चयन करना होगा। फिल्म डायरेक्टर ही तय करता है कि फिल्म की कहानी किस आधार पर टूट की जाएगी और सूट करने के लिए क्या लोकेशन रखना है कैसे शूट करना है इन सभी पर मुख्य ध्यान दिया जाता है। फिल्म डायरेक्टर हीरो और हीरोइन को एक्टिंग के लिए और हर टास्क को अच्छे से पूरा करने के लिए निर्देशित करते हैं।

## जरूरी योग्यताएं

फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए ऐसी कोई खास योगिता की जरूरत नहीं होती है। लेकिन फिर भी फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए व्यक्ति को विशेष प्रकार से कई प्रकार की योग्यता को पूरा करना होगा। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए किसी भी प्रकार की पढ़ाई की जरूरत नहीं होती है। लेकिन आपके पास अनुभव होना चाहिए। अनुभव के बिना आज फिल्म को डायरेक्ट नहीं कर पाएंगे और आपको फिल्म डायरेक्ट करने का मौका भी नहीं मिलेगा। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए व्यक्ति के बाद आत्मविश्वास होना चाहिए। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए योग्यता के तौर पर आपको फिल्म डायरेक्टर कोर्स के सर्टिफिकेट की भी अक्सर जरूरत पड़ती है।



## सर्टिफिकेट इन एनिमेशन

- फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए सर्वप्रथम अपने अंदर फिल्मों की सूची को बढ़ाना होगा और अपने टैलेंट को स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही बाहर निकालने का प्रयास करना चाहिए।
- आज के समय में कई प्रकार के सर्टिफिकेट की जरूरत भी होती है ऐसे में आप फिल्म डायरेक्शन के क्षेत्र में यदि अपना करियर बनाना चाहते हैं तो फिल्म डायरेक्शन और सिनेमा से जुड़े कई प्रकार के डिप्लोमा होने से कुछ डिप्लोमा हासिल करके फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं।
- बेहतर योजना के साथ स्कूल व कॉलेज में ड्रामा और प्रोग्राम में भाग लेकर अपने टैलेंट को लोगों के सामने पेश करें।
- कई आइडियल शॉ प्रतिवर्ष होते हैं उन्हें अपनी क्रिएटिविटी को बाहर लाएं और फिल्म इंडस्ट्री की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़े।
- टेलीविजन डायरेक्टर बनकर अपने करियर की शुरुआत करने का प्रयास करें या छोटे-मोटे किसी अभिनय जान नाटक के डायरेक्टर बंद कर इस इंडस्ट्री में अपने कदम को रखते हुए आगे बढ़े।
- जब आप टेलिविजन डायरेक्टर या किसी अन्य नाटक में डायरेक्टर पद पर अच्छे से काम कर रहे हैं। तो आपको कई चांस होते हैं, कि फिल्म डायरेक्टर पद पर आपको नौकरी मिल जाती है।
- आप अपनी जान पहचान के आधार पर भी फिल्म डायरेक्टर की नौकरी फिल्म इंडस्ट्री में हासिल कर सकते हैं।

## फिल्म डायरेक्टर के कोर्स

फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए आपको कई प्रकार के सिनेमा से जुड़े कोर्स करने होते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए जरूरी कोर्स की सूची हम आपको नीचे कुछ इस प्रकार से प्रदान करवा रहे हैं।


- बेचलर इन सीनेमेटिक
- पीजी इन फिल्म डायरेक्शन
- बेचलर इन फिल्म डायरेक्शन
- पीजी डिप्लोमा इन फिल्म एंड टीवी प्रोडक्शन
- बीएससी इन सिनेमा
- डिप्लोमा इन डायरेक्शन
- डिप्लोमा एंड पीजी डिप्लोमा इन फिल्म डायरेक्शन
- पीजी डिप्लोमा इन मीडिया एंड कम्यूनिकेशन

## भविष्य में स्कोप

फिल्म डायरेक्टर बनने वाले व्यक्ति के भविष्य के इसको कि यदि बात करें, तो फिल्म इंडस्ट्री में जाने के पश्चात स्कोप की कोई कमी नहीं है। क्योंकि फिल्म उद्योग दिन प्रतिदिन बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है और ऐसे में यदि आप फिल्म इंडस्ट्री में कैरियर की बात करें तो यहां हजारों करियर ऑप्शन आपको अलग-अलग मिल जाएंगे। आप फिल्म डायरेक्टर की नौकरी करते करते आप फिल्म प्रोडक्शन भी बन सकते हैं। इससे बड़ा कोई स्कोप नहीं हो सकता है। इसके अलावा भी फिल्म डायरेक्टर के मुख्य फ्यूचर स्कोप कौन-कौन से हैं। इसकी जानकारी हम आपको नीचे दे रहे हैं।

- अभिनेता और अभिनेत्री बन जाना
- कहानी लेखक बन जाना
- खुद की फिल्म बनाना
- फिल्म के प्रोड्यूसर बन कर काम करना
- फिल्म में अन्य रोल पर भी प्ले करना
- फिल्म डायरेक्टर बनने के पश्चात आप कई तरह से फिल्म के अलग-अलग किरदार के अनुभव को आसानी से सीख सकते हैं और उसके पश्चात आप भी उन किरदार पर काम कर सकते हैं या खुद का फिल्म बनाने तक भविष्य में आगे जा सकते हैं।

# भारत के युवाओं को पाखंड और पाखंडियों की पहचान करने की कला सीखनी होगी



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

भारत के युवाओं को जब मैं पाखंड की शरण में जाता देखता हूं तो मुझे बड़ा तरस आता है, विश्व के सबसे बड़े और महा ऋषि स्वामी दयानंद सरस्वती जी के देश में इतना पाखंड जिसमे भारत की वो युवा पीढ़ी निगली जा रही हैं। इसके लिए बड़ा ही चिंतन और मंथन की जरूरत हैं। मैं अगर आज से 30 से 40 वर्ष पहले की बाद करूं तो कोई भी युवा पाखंड से प्रभावित नही थे परंतु लगभग पिछले 20 वर्षो से पाखंड बहुत तेजी से फैल रहा हैं। युवा साथियों, दो देवता तो कुछ साल पहले अवतरित हुए, पहला शनि देवता तथा दूसरा सांई देवता। पूरी युवा पीढ़ी शनि तथा साईं के चक्कर में उलझते जा रहे हैं, हमारे देखते देखते पिछले कुछ सालों में ही शनि तथा साईं के इतने स्थल बन गए जो वेद विरुद्ध कार्य करते हैं।

## काला धागा बांधना भी पाखंड

कोई इस पर चिंतन मंथन नही करता कि पहले तो ये शनि और साईं देवता नही थे वो अब कहां से प्रकट हो गए, यहीं तो युवाओं को जानने की जरूरत हैं। अरे मुझे आश्चर्य होता है कि आज के लड़के लड़कियां हाथों में तथा पैरों में भी काले धागे बांधते हैं, लोग गाडियों में नींबू मिर्ची लगा कर बिना हेलमेट तथा बिना बेल्ट लगा कर चलाते हैं। युवा साथियों नींबू मिर्ची आपकी जान नही बचाएगी, जान तो हेलमेट तथा बेल्ट ही बचाएगी। लोग, छोटी सी प्रोब्लम होते ही भाग पड़ते है, बूझा निकलवाने के लिए, और वहां 500 अथवा 1000 रुपए देकर, ठगी करा कर आते है तथा कहते सब अच्छा हो गया। युवा साथियों आपका जीवन राष्ट्र को विकसित करने में अपनी भूमिका तय करना है ना कि सारा समय इस पाखंड में उलझना हैं, दोस्तो ये व्यवसाय है। अब मैं युवाओं को मेहनती, कर्मठ, शोध तथा सच्चाई को अपनाने के लिए संकल्प लेने की बात कर रहा हूं। आओ अब विमर्श करते है जो गतिविधियां जीवन को पाखंड में डालती हैं, उससे पहचानने तथा बचने की आवश्यकता हैं।

- किसी के पास अपना भविष्य जानने जाना, निरा पाखंड हैं, अरे जो व्यक्ति सड़क किनारे बैठा है या अपनी दुकान सजाकर बैठा है वो अपना तो भविष्य सुधार नहीं सकता, वो दूसरे का भविष्य क्या सुधरेगा।
- हाथ पैरों में काले, पीले, लाल धागे बांधना।
- हर दिन अलग अलग रंग के कपड़े पहनना।
- शनि, को देवता मानना। जो की केवल एक ग्रह है और वो किसी के ऊपर नही चढ़ता क्योंकि वो पृथ्वी से भी बड़ा हैं।
- साईं बाबा को ईश्वर मानना भी तो पाखंड हैं।
- हस्तरेखा दिखाना और उस पर विश्वास करना।
- देवता केवल पांच है अग्नि, जल, वायु, धरती, और आकाश, जो हमे जीवन देते हैं, बाकी सब पाखंड हैं।

## इनसे दूर रहने की जरूरत

- भगवान श्री कृष्ण को अपनी डलियां में लेकर घूमना।
- पवित्र पेड़ो में धागे बांधना, नारियल बांधना।
- चौक चौराहे पर टोने टोटके करना भी सबसे बड़ा पाखंड हैं।
- नए घर बना कर, उसके सामने काला मुखौटा, अथवा टायर बांधना भी तो पाखंड हैं।
- गले में किसी भी प्रकार के ताबीज बांधना।
- बाजू में काले धागे बांधना, गले में भी काले धागे बांधना भी पाखंड हैं।
- किसी के घर में कोई भी टोना टोटका करना, किसी के घर में आग लगा देना, किसी के घर में मांस या खाने की चीजे डालना।
- किसी बच्चे के बाल काटना, किसी के वस्त्र कटना भी टोना हैं परंतु ये पाखंड है, ऐसे लोगो का मानसिक इलाज कराने की आवश्यकता हैं।
- बड़े बड़े भविष्य दिखाकर गरीबों को ठगना भी पाखंड हैं। भगवान तुम्हारी कठपुतली नही है जैसा चाहो वैसा व्यवहार करो।
- दिन के अनुसार अलग अलग रंग के कपड़े पहनना शुभ मानते है तो ये पाखंड हैं।
- अपने दिमाग पर ताला लगा कर तर्क हीनता भी पाखंड हैं। महिलाओं में भूत प्रेत की घटनाएं भी तो पाखंड का सबसे बड़ा दृश्य हैं। किसी पशु पक्षियों की बलि चढ़ाना।
- किसी के कहने पर छोटे छोटे बच्चो के साथ गलत कार्य कर देना जो उनकी जान के लिए खतरा भी हो सकता हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय (बी) द्रविड़
(सी) ऑस्ट्रिक (डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी (बी) संस्कृत
(सी) तमिल (डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए)अपभ्रंश (बी) लौकिक संस्क्रत
(सी)पालि-प्राकृत (डी) वैदिक संस्कृत

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी (बी) बांगरू
(सी) अवधी (डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा (बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा (डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**9.** निम्न में से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है
(ए) गुजराती
(बी) उड़िया
(सी) मराठी
(डी) सिन्धी

**10.** एक मनई के दुई बेटवे रहिन। ओह माँ लहरा अपने बाप से कहिस - दादा धन मां जवन हमर बखरा लागत होय तवन हमका दै द। यह अवतरण हिंदी किस बोली में है
(ए) भोजपुरी
(बी) कन्नौजी
(सी) अवधी
(डी) खड़ी बोली

उत्तर 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(सी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। कथा के समापन पर झूमते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### श्रीमद् देवी भागवत कथा का हुआ समापन

महेंद्रगढ़। माता मसानी चौक स्थित माता मसानी मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा का समापन शुक्रवार को हवन यज्ञ के साथ हुआ, जिसमें सुख समृद्धि व सौभाग्य के प्रतीक कलश सभी भक्तिनों ने प्राप्त किया तथा अपने-अपने घर ले जाकर उन्हें प्रतिस्थापित किया। हवन यज्ञ में कथा वाचक पंडित हेमराज भारद्वाज ने आचार्य के पद को अलंकृत किया तथा यजमान के रूप में भक्तजन जोड़े के साथ बैठे।

### अभय यादव को राज्यमंत्री बनाने पर जताई खुशी

नारनौल। हरियाणा विकलांग उत्थान समिति ने नांगल चौधरी से विधायक डा. अभय सिंह यादव को प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री बनाने पर खुशी जताई है। इस बारे में हरियाणा विकलांग उत्थान समिति के अध्यक्ष मनमोहन सिंह ने कहा कि डा. अभय सिंह यादव को राज्यमंत्री बनाने से प्रदेश में विकास की लहर दौड़ेगी। उन्होंने कहा कि जिले में अधूरे विकास कार्यों में भी तेजी आएगी।

### छात्राओं को किया महिला अधिकारों के प्रति जागरूक

नारनौल। महिला थाना पुलिस टीम ने शुक्रवार को राजकीय महिला महाविद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान राजकीय महिला महाविद्यालय प्राचार्य डा. ज्ञानचंद राणा व कॉलेज स्टॉफ सहित कॉलेज छात्राएं मौजूद रही। इस अवसर पर निरीक्षक मंजूषा ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों व नियमों, महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अन्य अपराधों पर कानूनी कार्रवाई के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

### विद्यार्थियों को जल संरक्षण की दिलाई शपथ

महेंद्रगढ़। सतनाली मोड स्थित हारट्रोन स्किल एवं कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर पर विश्व जल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। सभी युवाओं ने अपनी दैनिक क्रियाओं में पानी की खपत कम करने का संकल्प लिया। इस दौरान पानी के महत्व पर हारट्रोन कंप्यूटर संस्थान पर बोलते हुए एचएसएसी चेयरमैन ज्ञानीराम शर्मा ने कहा कि पानी हमारे जीवन की बुनियादी जरूरतों में से है।

### राजकीय महाविद्यालय में शिविर का समापन

मंडी अटेली। राजकीय महाविद्यालय सिहमा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि सिहमा के सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने कहा कि सामाजिक सेवा एक ऐसी निष्ठापूर्ण प्रक्रिया है, जो मानवता के उत्थान और समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### विश्व जल दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला व प्रतियोगिता आयोजित

# जल हमारे जीवन के लिए कीमती धरोहर बूंद-बूंद का करें संरक्षण: अनिल यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से बीकेएन राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में जिला स्तरीय कार्यशाला व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्राचार्य अनिल यादव थे। वहीं विशिष्ट अतिथि उपमंडल अभियंता अशोक कुमार डागर, उपमंडल अभियंता अजय कुमार यादव व जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्लोगन लेखन, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम में सबसे पहले बीआरसी अशोक कुमार यादव ने उपस्थितजनों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्राचार्य अनिल यादव ने बताया कि पृथ्वी के 71 प्रतिशत हिस्से पर पानी है, लेकिन इसमें से केवल तीन प्रतिशत पानी ही पीने लायक है। विश्व भर में आज भी लोग पीने के पानी के लिए तरसते हैं। जिस तरह से पीने लायक पानी पृथ्वी से कम होता जा रहा है, आने वाली पीढ़ी के लिए साफ और मीठा पानी बचा पाना मुश्किल हो रहा है। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने छात्राओं को पानी के महत्व के बारे में समझाया ही नहीं बल्कि इसे प्रैक्टिकल करके दिखाया। इसमें बताया कि किस प्रकार से देश में पानी की बर्बादी के कारण भूमि का जल स्तर लगातार गिर रहा है। उपमंडल अभियंता अजय कुमार यादव ने अपने व्यक्तव्य में पानी के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विश्व में पहली बार विश्व जल दिवस 1993 में मनाया गया। उन्होंने बताया कि दुनिया की कुल आबादी में से लगभग 18 प्रतिशत लोग व 15 प्रतिशत मवेशी भारत में रहते हैं, जबकि दुनिया की कुल जमीन में से हमारे पास मात्र दो प्रतिशत जमीन व मीठे पानी की मात्र चार प्रतिशत संसाधन है।



नारनौल। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित करते हुए अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

### जीवन में पानी को बचाना बेहद जरूरी: अशोक

उपमंडल अभियंता अशोक कुमार यादव ने कहा कि आज के जीवन में पानी को बचाना बेहद जरूरी है। हम सबको मिलकर पानी को बचाना होगा। उपमंडल अभियंता ने बताया कि महाविद्यालय में 800 के करीब छात्र-छात्राएं हैं। यह सभी छात्र-छात्राएं घर से लेकर स्कूल, कॉलेज, गली व मोहल्लों पर पानी के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। आईएसए की टीम से दिनेश कुमार, कविता व पुष्पा यादव ने जल संरक्षण विषय पर बच्चों को सबोंधित करते हुए कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व वॉसो की टीम जिले में बेहतर तरीके से जल संरक्षण पर कार्य कर रही है जिसकी बदौलत जिले के भूमिगत जल में भी सुधार देखने को मिल रहे हैं। इस मौके पर बीआरसी इंद्रजीत, विक्रम यादव, अशोक, मोहित कुमार, धर्मेंद्र, पूजारानी, निशु, डीपीसी अंकुर बहवाल, समाजशास्त्री राकेश, विनोद, मनीषा, अजीत सिंह, मोनिका, प्रेमवती, योगेंद्र, राजेश सेनी, अंजनी, प्रदीप यादव, अविनाश यादव, संजीव कुमार, यादवेंद्र आदि मौजूद थे।

### प्रतियोगिता परिणाम

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जसवंत ने प्रथम, मोहमद सरफराज ने द्वितीय, अमित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में गोपाल सिंह प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय, अंकित तृतीय स्थान पर रहा। भाषण प्रतियोगिता में मोहम्मद रहीम ने प्रथम, अमित ने द्वितीय व अंकित ने तृतीय स्थान हासिल किया।


महेंद्रगढ़। विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# आरपीएस डिग्री कॉलेज में मनाया जल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सुदेश प्रथम

आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में एनएसएस व ज्योग्राफी विभाग के सौजन्य से जल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्यातिथि संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव एवं डीन डॉ. यशपाल शर्मा रहे। भूगोल विभाग प्रभारी प्रो. अनिल कुमार ने बताया हर वर्ष की भांति कॉलेज में जल दिवस मनाया जाता है, जिसमें विभिन्न जागरुकता अभियान, संगोष्ठी, श्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, रंगोली मेकिंग करवाए गए, जिसमें बीए और एमएससी के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियागिता में भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सुदेश प्रथम, खुशी द्वितीय व किरण तृतीय स्थान, स्पीच प्रतियोगिता में पूजा प्रथम, अंजली द्वितीय व पल्लवी तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतियागिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प सांत्वना पुरस्कार हासिल करने वालों को मेडल व प्रशक्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. राहुल शर्मा ने सभी प्रतिभागियों व व्यक्तियों से जल संरक्षण की शपथ दिलवाई। गौरतलब है कि निकट भविष्य में हम सब जल की कमी के कारण उत्पन्न होने वाले विभिन्न समस्याओं से घिरने वाले है। भारत के 70 बडे जिले जल संकट के कगार पर है। चेन्नई, बैंगलुरु व राजस्थान के पाली जिलों में उत्पन्न हुई विकट जल समस्याओं ने सभी का ध्यान जल संरक्षण की ओर खिंचा है। इस अवसर पर भूगोल विभाग से हेमंत कुमार, चारु यादव, संदीप, भूपेंद्र सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# तिलक होली मनाने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राव जयराम स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों को तिलक होली मनाने की शपथ दिलवाई। राव जयराम शिक्षण संसथान मैनेजिंग डायरेक्टर सुरेंद्र यादव ने बताया कि पानी को बचाना इस समय भारत के सामने गंभीर विषय बना हुआ है। अक्सर देखा जाता है कि लोग होली पर केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल तो करते है। साथ ही पानी की भी बर्बादी करते है। वक्त आ गया है कि लोग समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझे और पानी के संरक्षण में सहयोग दें। जहां तक होली की मस्ती की बात है तो गीली होली की तुलना में सूखे गुलाल आरामदायक भी होते हैं और उसमें शालीनता भी होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण का संदेश दिया। अनीता यादव ने बताया कि पानी बचाने के उद्देश्य से तिलक होली मनाने की शपथ दिलाई गई है तथा पानी व पर्यावरण को बचाने का संकल्प हर इंसान ले। उन्होंने कहा कि सद्भावना एवं शांति के साथ होली का पर्व हमें मानना चाहिए। होली का पर्व आपसी तालमेल भाईचारे का पर्व है। हमें सद्भाव और पवित्रता के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


महेंद्रगढ़। पानी बचाने की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

- कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

बीआर स्कूल सेहलंग में शुक्रवार को जल संकट का निदान, है परिवर्तन का अभियान थीम पर विश्व जल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन हरीश भारद्वाज मुख्यातिथि, प्राचार्य डॉ. राममोहन वशिष्ठ विशिष्ठ अतिथि व उपप्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा नौवी से भारती ने प्रथम स्थान तथा कक्षा पांचवीं से राखी और रीया व कक्षा छठी से दीया ने द्वितीय स्थान और कक्षा छठी से खुशी व कक्षा पांचवीं से रिवान वशिष्ठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से परिधि वशिष्ठ व कक्षा छठी से आरव ने प्रथम स्थान और कक्षा 12वीं से आरजू व कक्षा छठी से अनमोल ने द्वितीय स्थान और कक्षा छठी से रजत व कक्षा पांचवीं से रिवान वशिष्ठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. राममोहन वशिष्ठ ने कहा कि पृथ्वी इस ब्रह्मांड का एकमात्र ग्रह है, जहां जीवन संभव है तथा यह केवल पृथ्वी पर जल की उपलब्धता के कारण ही है। पानी के बिना कदाचित जीवन की कल्पना संभव नहीं है। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा की प्रकृति तभी हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है यदि हम सही तरीके से संसाधनों का प्रयोग करना जानते हैं, अन्यथा हमें विभिन्न प्रकार के संकटों का सामना करना पड़ता है।


महेंद्रगढ़। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि


महेंद्रगढ़। अतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तृत चर्चा की

राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत महाविद्यालय प्राचार्य मेजर एमआर लांबा एवं उपप्राचार्य प्रो. डॉ. लक्ष्मी नारायण ने की। प्राचार्य मेजर एमआर लाम्बा ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तृत चर्चा की और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का संपूर्ण अर्थ इसके नाम में ही निहित है। यह सेवा की भावना से ओतप्रोत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना जीवन जीने का तरीका है व यह युवाओं के लिए एक नई जिंदगी की शुरूआत है। राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को रहना-सहना-कहना सिखाती है व उन्हें देश के प्रति समर्पित नागरिक बनाने की पाठशाला है। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं देश के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया तथा उन्होंने बताया कि यह महाविद्यालय की एक महत्वपूर्ण इकाई होती है। देश में जब भी कभी आपातकाल आता है तो राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों का सराहनीय प्रदर्शन रहता है तथा विभीषिका के समय में स्वयंसेवक देश के काम आते हैं। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने मनभावन प्रस्तुतियां दी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

# होली उत्सव से भारतीय संस्कृति को जीवित रखने की मिलती है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डा. अनिता तंवर की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं को फूल व गुलाल होली खेलने के लिए प्रेरित किया, तर्क दिया की पक्के व कैमिकल युक्त रंगों से खेली गई होली से शारीरिक अंगों को नुकसान होने के साथ पानी की बर्बादी भी होती है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति सर्वश्रेष्ठ है, जिसके प्रत्येक उत्सव से समाज को विभिन्न संदेश मिलते हैं। होली मिलन का उत्सव समाज को भाईचारे व उत्साहित रहने का संदेश देता है। आर्थिक युग में आमजन तनावग्रस्त रहने लगा है, क्योंकि पैसे कमाने के लिए अनैतिक गतिविधियों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। जिससे समाज की एकता व भाईचारे की भावना को अज्ञात लग रहा है। होली का उत्सव रंगों से सरोबार होता है, जिससे लोगों को आपस में प्रेम पूर्वक रहने व एक-दूसरे की मदद करने की प्रेरणा मिलती है।


नांगल चौधरी। कॉलेज में गुलाल लगाकर होली खेलते स्टॉफ सदस्य व छात्राएं।

# स्लम जागृति समिति ने ओपन शेल्टर होम में मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव की अध्यक्षता में स्लम जागृति समिति ओपन शेल्टर होम पटीकरा में बच्चों के साथ होली पर्व मनाया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने बच्चों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने केमिकल युक्त रंगों से होली न खेलने के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज बाजार में लोगों को लुभाने के लिए एक से एक केमिकल युक्त रंग आ रहे हैं। इससे शरीर में विभिन्न प्रकार की एलर्जी होने का अंदेशा रहता है। इसलिए हमें कभी भी इन रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस मौके पर स्लम जागृति समिति ओपन शेल्टर होम के प्रधान भागीरथमल, पूर्व जिला बाल संरक्षण अधिकारी संदीप, सामाजिक कार्यकर्ता गरिमा वर्मा, अनु शर्मा आदि मौजूद थे।

# बसीरपुर स्कूल में भू-जैव रसायन मॉडल प्रदर्शनी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बसीरपुर में शुक्रवार को मुख्य अध्यापिका जयंती की अध्यक्षता में भू-जैव रसायन मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विषय विशेषज्ञ डा. अखिलेश कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने वातावरण गैसीय चक्र, तलछटी चक्र व अन्य भू-जैव रसायनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। डा. अखिलेश ने उनके महत्व से ऑक्सीजन के स्रोत, कार्बन डाइऑक्साइड व नाइट्रोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अध्यापिका जयंती बाई ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में भौतिक सुख सुविधाओं के कायारें में मशीनों उद्योगों का विस्तार हुआ है। इसके चलते विज्ञान की अहम भूमिका बन गई है, लेकिन जैव भू रसायन का महत्व कम नहीं है। इस अवसर पर विभिन्न विद्यार्थियों को पारितोषिक विपरीत किए गए। प्रदर्शनी में वरिष्ठ विज्ञान अध्यापक राजेश, महात्मा सुशील देव, रामस्वरूप डीपीई, विक्रांत आदि ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।


नारनौल। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**सूचना**

मैं अशोक कुमार पुत्र होशियार सिंह उम्र 52 वर्ष गांव शहरपुर उर्फ सरेरपुर तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरी पुत्री शालिनी मेरी कोई बात नहीं मानती व अपनी मनमर्जी करती है। वहीं वो दिनांक 13.03.2024 को बिना बताए मेरे घर से लापता हो गई है। इसलिए मैं उसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकी परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं जगदीश पुत्र बख्तावर वासी मोहल्ला पुरानी मण्डी नारनौल तह. नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राकेश व पुत्र वधु बीना देवी पत्नी राकेश मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करते हैं और मेरे साथ लडाई-झगडा करते है। इसलिए मै इन दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे कार्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**SMT. SANTRA DEVI SHIKSHA SAMITI**
NEAR POST OFFICE, MOHINDERGARH (HR)
**ELECTION NOTIFICATION**

It is notified that the election of Office bearer, Members Teaching & Non-Teaching staff Representative of the governing Body of K.D College of Education, Pali M/Garh for the post of President -01, Vice President-01, General Secretary-01, Treasurer-01, and Executive Members for the Governing Body of K.D College of Education, Pali M/Garh will be held as per the following schedule: -

**Date of Nomination** :- 27-03-2024 to 30-03-2024 (1:00 PM to 5:00 PM)
**Date of Scrutiny of Nomination** :- 31-03-2024 (1:00 PM to 5:00 PM)
**Date of Withdrawal of Nomination** :- 02-04-2024 (1:00 PM to 5:00 PM)
**Date of Allotment of Symbol** :- 03-04-2024 if required (1:00 PM to 5:00 PM)
**Date of Election** :-13-04-2024 if required (1:30 PM to 5:00 PM) at college campus
**Date of Declaration of Result** : 13-04-2024 (Just after the counting of votes)

For further information contact to Returning officer
**Ashok Kumar Yadav Retd. Principal**
Address :- House No. 1095, Sector-03, Rewari
Mobile No. 9416063727 E-Mail- kdcoem.garh@rediffmail.com

**SMT. SANTRA DEVI SHIKSHA SAMITI**
NEAR POST OFFICE, MOHINDERGARH (HR)
**ELECTION NOTIFICATION**

It is notified that the election of Office bearer, Members Teaching & Non- Teaching staff Representative of the governing Body of K.D Degree college, Pali M/Garh for the post of President-01, Vice President-01, General Secretary-01, Treasurer-01, and Executive Members for the Governing Body of K.D Degree college, Pali M/Garh will be held as per the following schedule :-

**Date of Nomination :-** 27-03-2024 to 30-03-2024 (9:00 AM to 12:30 PM)
**Date of Scrutiny of Nomination** :- 31-03-2024 (9:00 AM to 12:30 PM)
**Date of Withdrawal of Nomination** :- 02-04-2024 (9:00 AM to 12:30 PM)
**Date of Allotment of Symbol** :- 03-04-2024 if required (9:00 AM to 12:30 PM)
**Date of Election** :-13-04-2024 if required (8:00 AM to 12:00 PM) at college campus
**Date of Declaration of Result** :- 13-04-2024 (Just after the counting of votes)

For further information contact to Returning officer
**Ashok Kumar Yadav Retd. Principal**
Address:- House No. 1095, Sector-03, Rewari
Mobile No. 8222888161 E-Mail- kddegreepali@gmail.com

### संविधान खतरे में, जनता को देना होगा कड़ा जवाब: पूर्व सांसद

# केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के खाते फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- केजरीवाल की गिरफ्तारी सरेआम लोकतंत्र की हत्या


श्रुति चौधरी, पूर्व सांसद।

लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी व कांग्रेस पार्टी के खातों को फीज करने से सिद्ध हो गया है कि केंद्र की मोदी सरकार इंडिया गठबंधन से घबरा कर तानाशाही पर उतर आई है।

यह बात हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने शुक्रवार को जारी बयान में कही। उन्होंने केजरीवाल को हिरासत में लिए जाने की आलोचना करते हुए कहा कि देश के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी मौजूदा मुख्यमंत्री के साथ इस प्रकार का दुर्भावना प्रेरित व्यवहार किया गया हो। देर रात दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को बिना किसी दोष सिद्धि के गिरफ्तारी करना सरेआम लोकतंत्र की हत्या है। ऐसा ही झारखंड में हेमंत सोरेन के साथ किया गया था। उन्होंने कहा कि जनता को इसका कड़ा जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा ही नहीं देशभर में लोगों का रुझान तेजी से इंडिया गठबंधन की ओर बढ़ता देख मोदी सरकार ओछे हथकंडे अपना रही है। सरकार ईडी व सीबीआई का दुरुपयोग अपने विरोधियों को प्रताड़ित करने के लिए कर रही है, जिससे संविधान पर खतरा बढ़ता जा रहा है। हालात इस कदर गंभीर हैं कि जो भी अपने हकों को लेकर आवाज उठाता है, उसकी सुनवाई तो दूर किसी ना किसी माध्यम से उसे कुचल दिया जाता है। श्रुति चौधरी ने कहा कि भाजपा के इशारे पर लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज करना पूरी गैर वाजिब है। सरकार विपक्ष को आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहती है, ताकि उनके खिलाफ मजबूती से कोई जनता की आवाज नहीं उठा सकें। उन्होंने कहा कि लोगों के सामने मोदी सरकार की इलेक्ट्राल बांड्स के नाम पर चंदा दो धंधा लो की पोल खुल गई है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में किसान, मजदूर, व्यापारी और कर्मचारी समेत सभी वर्ग मिलकर सरकार की एक-एक ज्यादती का बदला लेंगे तथा एकजुटता के साथ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की पुरजोर मदद करेंगे।

### आईजीयू परीक्षा परिणाम में यदुवंशी कॉलेज की छात्रा सृष्टि चतुर्थ



नारनौल। हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से एमएससी कैमिस्ट्री के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने बहुत ही बेहतरीन परिणाम दिया। कॉलेज की छात्रा सृष्टि पुत्री राजीव यादव ने 75.38 प्रतिशत अंक के साथ विश्वविद्यालय में चतुर्थ स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों का परिणाम भी बहुत ही सराहनीय रहा। कॉलेज उपप्राचार्या डॉ. सोनल यादव ने बताया कि कॉलेज का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।

## खबर संक्षेप



नारनौल। जल के संरक्षण के लिए शपथ लेते स्वयंसेवक व स्टॉफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### जैलाफ स्कूल में मनाया विश्व जल दिवस

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैलाफ में प्राचार्य लोकेश कुमार की अध्यक्षता व इको कलब तथा एनएसएस इंचार्ज प्रवक्ता धर्मसिंह के नेतृत्व में विश्व जल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को जल के संरक्षण के लिए शपथ दिलवाई गई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जल के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए गांव में एक जागरूकता रैली निकाली।



नारनौल। प्रचार वाहन को रवाना करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### नागरिक अस्पताल में विश्व क्षयरोग दिवस मनाया

**नारनौल।** नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को विश्व क्षयरोग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डा. रमेश चन्द्र आर्य थे। अध्यक्षता उप सिविल सर्जन (टीबी) डा. हर्ष चौहान ने की। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन (टीबी) डा. हर्ष चौहान ने बताया कि विश्व में सबसे अधिक टीबी के मरीज भारत मे है। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में टीबी मरीजों में से लगभग 26 प्रतिशत टीबी मरीज भारत में है।



नारनौल। चेयरमैन कर्मवीर सैनी को सम्मानित करते समाज के लोग।

### कॉन्फेड के चेयरमैन का सैनी सभा ने किया स्वागत

**नारनौल।** हाल ही में नवनियुक्त हरियाणा कॉन्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी का शुक्रवार को सैनी सभा ने अभिनन्दन किया गया। प्रधान विशन कुमार ने की। नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी, पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी, पार्षद सिकन्दर सैनी, पूर्व पार्षद लक्ष्मी सैनी इत्यादि ने अभिनंदन किया। कर्मवीर सैनी भाजपा हाईकमान, सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल का आभार जताया।

## लोकसभा चुनाव 2024: जिले में 16 नोडल अधिकारी नियुक्त

# शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारीः डीसी

- जिला निर्वाचन अधिकारी की नोडल अधिकारियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

लोकसभा आम चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से करवाना जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ऐसे में इन चुनाव के लिए लगाए गए सभी नोडल अधिकारी चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार कार्य करें। यह निर्देश भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में चुनाव के लिए लगाए गए नोडल अधिकारियों की बैठक में दिए।

डीसी ने कहा कि जिले महेंद्रगढ़ में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए 16 नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए मैनपॉवर मैनेजमेंट, ट्रेनिंग मैनेजमेंट, मैटेरियल मैनेजमेंट, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट, साइबर सिक्योरिटी एंड आईटी से संबंधित मैनेजमेंट, स्वीप एक्टिविटी, ला एंड ऑर्डर और सिक्योरिटी प्लान, ईवीएम मैनेजमेंट, एमसीसीए एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, बैलट पेपर, पोस्टल बैलट और ईटीबीपीएस मैनेजमेंट, मीडिया मैनेजमेंट, कम्युनिकेशन प्लान, इलेक्ट्रोल रोल, कंप्लेंट रिड्रेसल और वोटर हेल्पलाइन आदि काम के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी लगाए गए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिले में कहीं भी चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन ना हो। अगर कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन होने की सूचना मिले तो तुरंत कार्रवाई की जाए। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा, एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, डीएमसी महावीर प्रसाद, एसडीएम कनीना सुरेंद्र सिंह, एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, एसडीएम नांगल चौधरी मयंक भारद्वाज, नगराधीश मंजीत कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



नारनौल। चुनाव के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेती डीसी मोनिका गुप्ता तथा बैठक करते पुलिस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### लोकसभा चुनाव को लेकर सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक

**नारनौल।** निजामपुर में डीएसपी मुख्यालय हरदीप सिंह व खेतड़ी डीएसपी जुल्फिकार अलिखान की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महेंद्रगढ़ एवं राजस्थान के सीमावर्ती जिलों के पुलिस पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान कराने को ले चर्चा की गई। बैठक में चुनाव को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए दोनों प्रदेशों के सीमावर्ती जिलों में तैयारी शुरू करने पर सहमति बनी। इस अवसर पर सभी थाना अध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्र के सक्रिय कुख्यात व फरारी अपराधियों की सूची तैयार कर एक दूसरे को आदान प्रदान करने, अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए योजनाबद्ध एवं संयुक्त छापेमारी करने, शराब के अवैध कारोबार से जुड़े व्यक्तियों को चिह्नित कर छापेमारी करने के निर्देश दिए गए। सीमावर्ती क्षेत्रों में थानाध्यक्षों को आपस में समन्वय बिठाकर योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में थाना शहर प्रबंधक निरीक्षक प्रवीण कुमार, थाना सदर प्रबंधक एसआई रविंद्र, थाना नांगल चौधरी प्रबंधक निरीक्षक देवेंद्र, थाना निजामपुर प्रबंधक निरीक्षक जगदीश, थाना खेतड़ी प्रबंधक एसआई बनवारीलाल, थाना मेहाड़ा प्रबंधक एसआई रणवीर सिंह व थाना नीम का थाना प्रबंधक मौजूद थे।

### बुजुर्ग व दिव्यांग बैलेट पेपर से डाल सकते हैं अपना वोट, सक्षम ऐप पर तुरंत कराएं अपना पंजीकरण

भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की रिटर्निंग अधिकारी एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि 80 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग तथा दिव्यांगजनों के लिए चुनाव आयोग की ओर से सक्षम ऐप तैयार किया गया है। इस ऐप पर अपने आप को पंजीकरण करवाने पर उन्हें बैलेट पेपर जारी कर दिए जाएंगे। डीसी ने बताया कि चुनाव आयोग की ओर से इस बार यह व्यवस्था की गई है कि दिव्यांगजनों और 80 वर्ष से ऊपर के बुजुगार्ें को वैलेट पेपर जारी कर दिया जाएं ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो। ये नागरिक अपना मत का प्रयोग घर से ही कर सकेंगे। ऐसे में इस श्रेणी के पात्र नागरिक जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन सक्षम ऐप पर करवाएं, ताकि उन्हें बैलट पेपर जारी किया जा सकें।

### वोटर लिस्ट का करें निरीक्षण, नाम न हो तो जल्द फार्म 6 भरकर करवाएं जमा

मोनिका गुप्ता ने कहा कि अगर कोई भी पात्र नागरिक अभी तक अपना वोट नहीं बनवा पाया है तो वह अभी भी फॉर्म छह भर कर दे सकता है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे वोटर लिस्ट में अपना नाम देख लें। अगर अभी भी किसी का वोट नहीं बना है तो जल्द से जल्द फॉर्म नंबर छह भर कर दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब केवल नए वोट ही बन सकते हैं। वोट में किसी भी प्रकार के नाम व पता में शुद्धि नहीं की जाएगी। यह मौका केवल नए वोट बनवाने के लिए ही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार नागरिकों को यह मौका दिया गया है, ताकि वह आगामी लोकसभा चुनाव में अपना मत का प्रयोग कर सकें।




नारनौल। शहर के आजाद चौक में विरोध प्रदर्शन करते अग्रवाल समाज के लोग।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी वैश्य समाज ने किया प्रदर्शन

- बिना किसी सबूत के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करना गलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला के नेतृत्व में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में ऐतिहासिक आजाद चौक में प्रदर्शन किया गया। राजकुमार चौधरी एडवोकेट, डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव, अजीत जैन सर्राफ, तुलसीराम गोयल, रवि गर्ग उर्फ (मोनू भाटा), मोहित जिंदल, महेंद्र गुप्ता, जगमोहन गर्ग एवं अग्रवाल वैश्य समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद पर संदीप नूनीवाला ने कहा कि हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी पद पर बैठे मुख्यमंत्री को बिना किसी सबूत और तथ्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया हो।

पूर्व चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार चौधरी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को झूठे मुकदमे में फंसाकर, जिस प्रकार उन्हें जेल में डालकर प्रजातंत्र का गला घोटने की कोशिश की गई है। देश की जनता इसको अच्छी तरह समझ चुकी है और वह सरकार के इस दमनकारी रवैयों का जवाब आने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को जीता कर देगी। प्रधान अजीत प्रकाश जैन ने कहा कि अपने आलोचकों से चुनावी रणभूमि में उतरकर लड़िये, उनका डटकर मुकाबला करिए, उनकी नीतियों और कार्यशैली पर बेशक हमला करिए, यही लोकतंत्र होता है। मगर इस तरह देश की सारी संस्थाओं की ताकत का अपने राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए इस्तेमाल करना, दबाव डालकर उन्हें कमजोर करना लोकतंत्र के हर उसूल के खिलाफ है। ऐसा शर्मनाक दृश्य भारत के स्वतंत्र इतिहास में पहली बार देखने को मिल रहा है।

### अनुबंध बिजली कर्मचारी संघ ने की राज्यमंत्री से मुलाकात

**नारनौल।** अनुबंध विद्युत कर्मचारी संघ महेंद्रगढ़ के जिला प्रधान आशीष गोरा ने राज्यमंत्री डा. अभय सिंह यादव से उनके आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने गुलदस्ता भेंट कर विधानसभा में कच्चे कर्मचारी को पक्का करने के बारे आवाज उठाने के लिए उनका धन्यवाद किया। जिस पर राज्यमंत्री ने कहा कि इसी तरह आगे भी उनकी आवाज उठाते रहेंगे। सरकार ने कच्चे कर्मचारियों का डाटा मांगा है। इस मौके पर जिला सचिव कर्मवीर जाखड़, यूनिट प्रधान रामोतार यादव, आनंद लाठा, रवि, यशपाल व अजीत यादव मौजूद रहे।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी सरकार के ताबूत में कील ठोकने का काम करेगी

### भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगी देश की जनता

- केजरीवाल से डरती है भाजपा व प्रधानमंत्री



पंकज बाला मालड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

नेताओं को जेल जाने डर दिखाकर भाजपा में शामिल करवा दिया जाता है, लेकिन अरविंद केजरीवाल जैसे शिक्षित, दूरगामी सोच व आम आदमी को खास सुविधाएं देने वाला जनता का नेता लगातार भाजपा को काम के दम पर ललकारता रहा। उसी का नतीजा है कि आज आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बिना किसी सबूत के ईडी ने केंद्र सरकार के इशारे पर गिरफ्तार किया। आम आदमी पार्टी साउथ हरियाणा की पूर्व संयुक्त सचिव पंकज बाला मालड़ा ने केंद्र सरकार की इस दलगत राजनीति को लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का शिक्षा और स्वास्थ्य का मॉडल पूरी दुनिया में मशहूर है। मोदी सरकार ने देश को जाति, धर्म, संप्रदाय और मजहब के नाम पर बांटने का काम किया है, जबकि अरविंद केजरीवाल ने मजदूर और अधिकारी के बच्चों के बीच भेदभाव खत्म कर एक समान सुविधाएं दी है। उन्होंने सीएम आवास कुरुक्षेत्र पर आप नेता और कार्यकर्ताओं पर किए गए लाठीचार्ज की भी निंदा की। जनता अबकी बार 400 पार नही बल्कि सत्ता बाहर का रास्ता दिखाने को तैयार बैठी है।

## 25 को बाबा सदाराम व खेमचंद दास का वार्षिक मेला

- विजेता को 21 व उपविजेता को 15 हजार का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

गांव मालड़ा में बाबा सदाराम व बाबा खेमचंद दास का महान मेला 25 मार्च को बाबा सदाराम मंदिर में धूमधाम से लगेगा। मेले में खेलकूद प्रतियोगिता के साथ-साथ विशाल भंडारे और भजनोपदेशक के कार्यक्रम भी होंगे। बाबा सदाराम सेवा मंडल सदस्य सुजान मालड़ा ने बताया कि 25 मार्च दुल्हंडी के दिन गांव मालड़ा के बाबा सदाराम मंदिर प्रांगण में मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में खेलों का शुभारंभ वार्ड नंबर चार से जिला पार्षद पूनम बसई द्वारा किया जाएगा। कबड्डी ओपन की विजेता टीम को 21 हजार तथा उपविजेता टीम को 15 हजार तथा 52 किलोग्राम भारवर्ग की विजेता टीम को 11 हजार तथा उपविजेता टीम को 71 सौ रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। जिसका शुभारंभ सुंडाराम ट्रस्ट के चेयरमैन संदीप मालड़ा द्वारा किया जाएगा। वालीबॉल में विजेता टीम को 21 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। शुभारंभ पूर्व जिला प्रमुख सुरेंद्र कौशिक करेंगे। 51 रुपये से लेकर 11 हजार तक की कुश्ती भी करवाई जाएंगी। जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह द्वारा किया जाएगा। बुजुर्गों की दौड़ भी करवाई जाएंगी, जिसमें प्रथम इनाम 1500 रुपये तथा द्वितीय इनाम 1100 रुपये दिए जाएंगे। मेले में महाशय सत्यवीर आर्य द्वारा भजन उपदेश किए जाएंगे। भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा, जो सुबह 10 से शाम पांच बजे तक चलेगा। पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्यातिथि पूर्व सीपीएस विधायक राव दान सिंह होंगे। कमेटी के सदस्य मास्टर राजसिंह, कप्तान सिंह, सुबेदार सुमेर सिंह, राजेंद्र सिंह आदि ने बताया कि मेला स्थल पर डीजे बजाना और शराब पीकर हुड़दंग करना प्रतिबंधित है।

**बाबा का इतिहास**

बाबा के भक्त सुजान मालड़ा ने बताया कि बाबा सदाराम और बाबा खेमचंद दास सिद्ध संत हुए है। इनकी कृपा से गांव मालड़ा व आसपास क्षेत्र में कोई भी प्राकृतिक आपदा नही आई है। ग्रामीणों के मुताबिक जिस भी भक्त ने मुसीबत के समय में बाबा को याद कर मन्नत मांगी तो उनका अटका हुआ कार्य पूरा होने पर वो बाबा को गुड़ की भेली चढ़ाते है। इनका वार्षिक मेला दुल्हंडी के दिन लगता है। आधी रात के बाद से ही श्रद्धालुओं द्वारा बाबा की समाधि पर दही व शक्कर का प्रसाद चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। जो पूरे दिन तक चलता है। हजारों लोग बाबा के दरबार में मत्था टेककर घर परिवार के साथ-साथ क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की मन्नतें मांगते है।

## नहरी नेटवर्क से जुड़ेंगे तीन गांव के 4 जोहड़ सवा करोड़ होंगे खर्च, भरा जाएगा नहरी पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

सतनाली व महेंद्रगढ़ क्षेत्र के तीन गांवों के चार जोहड़ नहरी नेटवर्क से जोड़े जाएंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि हरियाणा सरकार भूजल स्तर उठाने की दिशा में अनेक कदम उठा रही है। इसी में एक महत्वपूर्ण कदम है गांव-गांव में जोहड़ों को नहरी नेटवर्क से जोड़कर उनमें नहरी पानी भरने से भूजल स्तर को उठाया जा सके। इसी कड़ी में 1.25 करोड़ की लागत से महेंद्रगढ़ एवं सतनाली क्षेत्र के तीन विभिन्न गांवों के चार जोहड़ नहरी नेटवर्क से जोड़ने की मंजूरी मिल गई है। इनमें गांव डिगरोता का खंदड़ा एवं रावला जोहड़, गांव मंडियाली की डोभा वाली जोहड़ी तथा गांव जाट की मालेरी बणी की जोहड़ी शामिल है। इन चार जोहड़ों के जुड़ने से आसपास के लगभग 600 बोरवेल को सीधा लाभ होगा तथा किसान की पैदावार भी बढ़ेगी। संदीप मालड़ा ने कहा कि इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



महेंद्रगढ़। सूखा पड़ा जोहड़।

**इन्हें मिली मंजूरी**

गांव डिगरोता-खंदड़ा जोहड़, लागत 25.60 लाख, रावला जोहड़, लागत 20.91 लाख। गांव जाट-मालेरी बणी की जोहड़ी, लागत 34 लाख व गांव मंडियाली-डोभा वाली जोहड़ी, लागत 45.37 लाख।

## पीड़ितों के लिए मांगी आर्थिक सहायता

- धारूहेड़ा की कंपनी में हुए ब्लास्ट का मामला, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

एआईयूटीयूसी ने शुक्रवार को लाइफ लॉन्ग कंपनी धारूहेड़ा में ब्लास्ट के कारण मृतक व घायल श्रमिकों के साथ दुःख की इस घड़ी में एकजुटता जाहिर करते हुए मृतक श्रमिकों के परिवार जनों को एक-एक करोड़ मुआवजा व घायल श्रमिकों को 50-50 लाख मुआवजा देने की मांग की है। मृतक आश्रितों को स्थाई नौकरी, कंपनी के प्रबंधक पर हत्या का केस दर्ज करने व घायलों के इलाज की मांग को लेकर एआईयूटीयूसी के प्रतिनिधि मंडल उप प्रधान सीताराम व जिला सचिव छाजूराम रावत ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि धारूहेड़ा में कार्यरत कंपनी लाइफ लॉन्ग में ब्लास्ट के कारण हुए हादसे से आप वाकिफ है, जिसमें कहा कि अब तक आठ श्रमिकों की जलने से दर्दनाक मौत हो चुकी है और यह सिलसिला जारी है, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई ठोस कदम नही उठाएं है, जबकि लंबे समय से कंपनी प्रबंधक की तरफ से जानबूझकर की गई घोर लापरवाही का ही परिणाम है कि यह हादसा हुआ।




नारनौल। ज्ञापन सौंपते संगठन के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## हाइपोविटामिनोसिस-डी पर 7 दिवसीय कार्यशाला



महेंद्रगढ़। कार्यशाला के समापन सत्र के अवसर पर उपस्थित शिक्षक एवं प्रतिभागी।

- पोषण जीवविज्ञान विभाग द्वारा किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पोषण जीवविज्ञान विभाग द्वारा हाइपोविटामिनोसिस-डी के आंकलन व प्रबंधन पर केंद्रित सात दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। एसईआरबी-डीएसटी द्वारा वित्त पोषित इस कार्यशाला में देशभर से 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने विद्यार्थियों में कौशल विकास बढ़ाने में इस तरह के आयोजन को महत्त्वपूर्ण बताया। विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की निदेशक व स्कूल ऑफ इंटर डिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेस की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने समापन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में अपने संबोधन में कार्यशाला के महत्त्व पर प्रकाश डाला। गैर-संचारी रोगों से विटामिन-डी के संबंध पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा ने कहा कि बहुत संख्या में लोग इस मूक महामारी का सामना कर रहे हैं। विटामिन-डी से भरपूर खाद्य पदार्थों को अपने भोजन में शामिल करके इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है।

### जयपुर से किराये पर की गाड़ी छीनी, बरामद

**नारनौल।** जयपुर से दो युवकों ने सिरसा जाने के लिए गाड़ी किराये पर की थी। बीच रास्ते में रूट बदलने को लेकर चालक व दोनों यात्रियों के बीच बहस हो गई। चालक को रास्ते में छोड़ गाड़ी लेकर दोनों यात्री फरार हो गए। जयपुर से नारनौल पुलिस से संपर्क साधा और शुक्रवार सुबह गाड़ी सहित दोनों युवकों को कनीना क्षेत्र में पकड़ा है। जयपुर से दो युवक सिरसा जाने के लिए वीरवार रात गाड़ी शिफ्ट डिजायर किराये पर की। जो रास्ता तय किया था, उसकी बजाय दूसरे रास्ते से चलने के लिए जब चालक को कहा तो विवाद हो गया। युवकों ने चालक से मारपीट कर बीच रास्ते में उतारकर गाड़ी के साथ फरार हो गए। यह सूचना चालक ने जयपुर पुलिस को दी। गाड़ी में जीपीएस सिस्टम होने की बात भी पुलिस को चालक ने बताई। इसके बाद उसी लोकेशन के हिसाब से जयपुर पुलिस इन बदमाशों के पीछे दौड़ पड़ी। शुक्रवार अल सुबह जब लोकेशन महेंद्रगढ़ जिला में उस गाड़ी की आई तो जयपुर पुलिस ने जिला की पुलिस से संपर्क साधा।

## पूर्व विधायक का हुड्डा परिवार व कांग्रेस पर बड़ा आरोप

# दुखी होकर छोड़ी पार्टी, जजपा का सिपाही बन करूंगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा परिवार दोनों से दुखी था। इसलिए कांग्रेस छोड़ी है। जजपा हमारा पुराना परिवार है और अब यहां सबसे जूनियर कार्यकर्ता के रूप में काम करूंगा। यह विचार नांगल चौधरी के पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने यदुवंशी प्रांगण में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही। बता दें कि राव बहादुर सिंह महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा सीट से चुनाव की तैयारी कर रहे थे और कांग्रेस टिकट की उन्हें प्रबल उम्मीदें थी, लेकिन उनका नाम फाइनल नहीं करने से खफा होकर कांग्रेस छोड़ दी। पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि चौधरी देवीलाल परिवार की बदौलत उनका राजनीति में जन्म हुआ। चौ. देवीलाल परिवार ही ऐसा परिवार है, जो सबको पूरा मान-सम्मान देता है। उन्होंने ढेर सारे नाम गिनाते हुए कहा कि चौधरी देवीलाल ने दक्षिणी हरियाणा के लोगों को सदैव उभारने का प्रयास किया। लोगों को उन्होंने न केवल विधायक बनाया, बल्कि एसएस बोर्ड एवं हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन का मैंबर बनाया। राव मानसिंह अकेले ऐसे इस क्षेत्र के ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनको राज्यसभा में भेजा गया।

वरना हमारे हिस्से तो राज्यसभा कभी आई ही नहीं। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला में चौधरी देवीलाल की छवि देखते हैं और दुष्यंत भी उनके पदचिह्नों पर चलते हुए आम कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान दे रहे हैं। उजब वह इस परिवार से अलग हुए, तब पारिवारिक मन मुटाव था और कांग्रेस में जाकर दुखी होने पर अब फिर अपने घर लौट आएं हैं। उन्होंने कहा कि वह जजपा को आम कार्यकर्ता की तरह सींचने का काम करेंगे। पार्टी उन्हें लोकसभा चुनाव लड़वाए या नहीं लड़वाए। दुष्यंत चौटाला से प्रभावित होकर जजपा में आए हैं। अब वह जजपा का सच्चा सिपाही बनकर काम करना चाहते हैं। प्रधान डा. मनीष शर्मा, पूर्व विधायक राजदीप फौगाट ने कहा 24 मार्च को नारनौल में 11 बजे कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें होली मिलन समारोह भी मनाया जाएगा।



नारनौल। यदुवंशी में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते पूर्व विधायक एवं जजपा नेता राव बहादुर सिंह। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवर सिंह कलवाड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली, एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, राव रमेश पालड़ी, पूर्व सरपंच प्रीतम टील्लू, राजकुमार जांगड़ा, दीपक यादव समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005